वि. वि. मं.

रामकृष्ण महादेव साळगांवकर उच्च माध्य. विद्यालय

कोंब मडगांव गोवा

Preliminary Exam

कक्षा : १२ वी | विषय : हिन्दी | समय : ३ घंटे

दिनांक१६ /१२ / २०२५ | अंक : ८०

**सामान्य निर्देश :**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिए।
- प्रश्न पत्रिका तीन खण्डों में विभाजित है - क, ख , ग।
- दायीं ओर दर्शायी हुई संख्या प्रश्न के अंक दर्शाति है। जिसमें कुल ४२ प्रश्न हैं।
-

**खंड - क ( कुल अंक १५ )**

**निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

१९४८ ओलंपिक से पहले हालात बहुत खराब थे। हमें भी लाहौर से भागना पडा था। किसी तरह बंबई ( मुम्बई ) में कैंप लगा। सब कुछ बिखरा हुआ था। हमारी टीम में कोई घर ऐसा नहीं था जहाँ कोई ट्रैजडी न हुई हो। दिमाग खेल से ज्यादा भारत पाकिस्तान के अलगाव और ट्रैजडी पर था।

हम लंदन पहुँचे। वहाँ भी विश्व युध्द के बाद के हालात थे। शहर सँभल नहीं पाया था। बिल्डिंग में गोलियों के निशान दिखाई देते थे। ओलंपिक ड्रा निकला। भारत और पाकिस्तान अलग अलग हॉफ में थे। सबको यही लग रहा था कि इन्हीं दोनों मुल्कों का फाइनल होगा।सेमिफाइनल में एक दिन हमें हॉलैड और पाकिस्तान को इंग्लैंड से खेलना था। वेंबली स्टेडियम था जहाँ आमतौर पर फुटबॉल होता था बारिश के बीच हम बडी मुश्किल से हॉलैड को २ - १ हरा पाए। इंग्लैंड ने पाकिस्तान को हरा दिया। अब इंग्लैड से फायनल था। क्वीन मौजूद थीं। हमने इंग्लैड को ४ - ० से हराया। हमारी टीम में कोई ऐसा नहीं था जिसकी आँखों में आँसू न हों। उसी मुल्क में आकर हम जीते थे , जिसने हम पर राज किया। उसी के घर में आकर हम जीते थे , जिसने हम पर राज किया। उसी के घर में हराया था। पहली बार विश्व स्तर पर कहीं जन गण मन बजा। हमें गर्व है कियह इंग्लैड में हुआ। इससे बडा लम्हा नहीं हो सकता। सारे दुख दर्द भूल गये थे। आजाद भारत में पहली बार दुनिया को दिखाया था कि वह क्या कर सकता है।

१. १९४८ ओलंपिक से पहले हालात खराब क्यों थे ? १

२. ‘ दिमाग ’ शब्द का विशेषण रूप लिखिए। १

३. उक्त गद्यांश में ‘ रण ’ शब्द के लिए कौनसा समानार्थी शब्द आया है ? १

४. ‘ दर्द ’ शब्द का रुप उपसर्ग लगाकर बदालिए। १

५. ' सारे दुख दर्द भूल गये थे ।' प्रस्तुत वाक्य को सामान्य भविष्यकाल में परिवर्तित कीजिए । १
६.'पहुँचना ' शब्द की भाववाचक संज्ञा लिखिए । १
७. सेमिफाइनल में क्या- क्या हुआ ? २
८.इंग्लैड से फाइनल जीत का वर्णन कैसे किया है ? २

**निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

हवा का जोर वर्षा का झाडी झाडों का गिर पडना
कहीं गरजन का जाकर दूर सिर के पास फिर पडना
उमडती नदी का खेती की छाती तक लहर उठना
ध्वजा की तरह बिजली का दिशाओं में फहर उठना
यह वर्षा के अनोखे दृश्य जिसको प्राण से प्यारे
जो चातक की तरह तकता है बादल घने कजरारे
जो भूखा रहकर , धरती चीरकर जग को खिलाता है ।

९. कविता में वर्णित हवा , वर्षा , पेड और गरजन की क्या स्थिति है ? १
१०. बिजली किस प्रकार चमक रही है ? १
११. उमडती नदी किस प्रकार लहर उठी है ? १
१२.वर्षा के दृश्य किसे प्राण से प्यारे है ? १
१३.किसान विश्व के लिए क्या क्या करता है ? १

**खंड - ख ( कुल अंक ४० )**

**निम्नलिखित पठित काव्यांश के आधार पर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

छिपैं छिपाकर छिति छुवैं तम ससिहरि न , सँभारि ।
हँसति हँसति चलि ,ससिमुखी , मुख तैं आँचरु टारि ॥

१४. राधिका ने कृष्ण की मुरली क्यों छिपाकर रखी थी ? १
१५.किस प्रकार धन इकट्ठा करना उचित नहीं ? १
१६.प्रचंड तापवाली गर्मी ने कौनसे पशुओं को एकत्रित लाकर खडा किया है ? १
१७. नायिका की सखी नायिका का ढाँढस कैसे बँधाती है ? २

**अथवा**

बच्चे टो टो करते है ,
खुश होकर चिल्लाते है ,
तोतली बोली में बुलाते है ,
और मै उनके सामने
नन्हा सा दबा हुआ खडा हूँ

बेजान , बेपहचाना ।

१४ उक्त पंक्तियों के कवि कौन है ? १

१५ पोस्टर किसका प्रतीक है ? १

१६ पोस्टरों को देखकर लोग क्या प्रतिक्रियाएँ व्यक्त करते है ? १

१७ कवि ने ऐसा क्यों कहा है कि ' आज पोस्टर आदमी से बडे सत्य है ।' २

**१८. निम्नलिखित काव्यांश का भाव सौन्दर्य स्पष्ट करते हुए शिल्प संबंधी कोई दो विशेषताएँ लिखिए। ( लगभग ५० शब्दों में )** ४

हँसकर बोला राधेय , " शल्य , पार्थ की भीति उसको होगी ,
क्षयमान् क्षणिक, भंगुर शरीर पर मृषा प्रीति जिसको होगी ।
इस चार दिनों के जीवन को , मैं तो कुछ नहीं समझता हूँ ,
करता हूँ वही , सदा जिसको भीतर से सही समझता हूँ

**अथवा**

चाय की पत्ती की तरह
बदल देना चाहिए उदासी को स्वाद में ।
घुल जाने देना चाहिए शक्कर के दानों कि तरह ।
पोंछें कि तरह रगड देना चाहिए उदासी को
चमकने देना चाहिए मन को उजले फर्श की तरह ।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( लगभग ४० शब्दों में )** ६

१९. निम्नलिखित काव्य पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए ।

इस भजनु सारथी सुजाना । बिरति चर्म संतोष कृपाना ।।
दान परसु बुधि सक्ति प्रचंडा । बर बिग्यान कठिन कोदंडा ।।

**अथवा**

काया मंजन क्या करै , कपड धोइम धोइ ।
उजल हूवा न छूटिए , सुख नी दडी न सोइ ।।

२०. ' तोडती पत्थर ' कविता में कवि ने पूँजीवादी व्यवस्था पर कैसे व्यंग्य किया है ?

**अथवा**

२० 'आम इंसान के पास और कुछ न हो , लेकिन आकाश सी छाती तो है 'ऐसा कवि क्यों कहते है ?

**निम्नलिखित पठित गद्यांश के आधार पर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**(लगभग १० - २० शब्दों में )**

राज्य के अखबारों में खबरे छपी , "सदाचार के तावीज की खोज ! ताबीज बनाने का कारखाना खुला ! लाखों तावीज बन गए । सरकार के हुक्म से हर सरकारी कर्मचारी की भुजा पर एक एक तावीज बाँध दिया गया । भ्रष्टाचार की समस्या का ऐसा सरल हल निकल आने से राजा और दरबारी सब खुश थे । एक दिन राजा की उत्सुकता जागी । सोचा , "देखें तो कि यह तावीज कैसे काम करता है ।" वह वेश बदलकर एक कार्यालय गए । उस दिन दो तारीख थी । एक दिन पहले ही तनख्वाह मिली थी । वह एक कर्मचारी के पास गए और कई काम बताकर उसे पाँच रुपये का नोट देने लगे । कर्मचारी ने उन्हें डाँटा , " भाग जाओ यहाँ से , घूस लेना पाप है । " राजा बहुत खुश हुए । तावीज ने कर्मचारी को ईमानदार बना दिया था ।

२१ 'सदाचार का तावीज ' यह रचना हिंदी साहित्य की किस विधा में लिखी हुई है ? १

२२ प्रजा हल्ला क्यों मचा रही थी ? १

२३ राजा असमंजस में क्यों पड गये ? १

२४ विशेषज्ञों ने भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए राजा को कौनसे सुझाव दिये ? २

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । ( लगभग ८० शब्दों में )** १०

२५ बडे भाई साहब की चरित्रगत विशेषाताएं बताइए ।

**अथवा**

२५ लेखक ने इवाग्रीवो जॉर्ज से संबंधित किस प्रसंग का उल्लेख किया है ?

२६ ' प्रायश्चित' पाठ मे लेखकने सामाजिक व्यवस्था और अंधविश्वास पर करारा व्यंग्य किया है । पाठ केआधार पर स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

२६ 'वापसी 'कहानी के शिर्षककी सार्थकता पर प्रकाश डालिए ।

**निम्नलिखित पठित गद्यांश ( वितान ) के आधार पर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

विकसित भारत महज एक सपना नही । जब यह सपना सच हो जाएगा तो इसका सबसे अधिक लाभ युवकों को होगा । इसलिए वह महत्त्वपूर्ण है कि इस सपने को साकार करने में आपको शुरू से ही सहयोग करना चाहिए ।इसे आप अपनी शैक्षणिक और पारिवारिक सीमाओं में रहते हुए अपनी योग्यता के अनुरूप बेहद अनोखे अंदाज में निभा सकते हैं । माता - पिता और बच्चों की टोली में यह चिंता उमडती घुमडती रहती कि पढाई पूरी करने के बाद कौन - सा रोजगार मिलेगा । छोटी मोटी बाधाओं से घबराए बिना जिस विषय का आप अध्ययन करते हैं ,यदि उसमें आपका प्रदर्शन उत्कृष्ट बना रहता है तो उसमें कोई शक नहीं कि आपकी संभावना और भविष्य जगमगाते रहेगें ।

२७ देश के भविष्य की तस्वीर कौन होते है ? १
२८ शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान किसमें है ? १
२९ लेखक ने अपने जीवन में कौन सी तीन महत्वपूर्ण बाते सीखी ? १
३० लेखक के अनुसार हमारी प्राथमिकता क्या होनी चाहिए ? १
३१ लेखक के अनुसार युवाओं की संभावनाएँ और भविष्य कैसे जगमगाते रहेगें ? २
३२ लेखक ने अपने गॉव के पहले परिवारों की क्या विशेषताएं बताई है ? २
३३ उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है और उसके लेखक कौन है ? २

## खंड - ग ( कुल अंक २५ )

**निम्नलिखित माध्यम और लेखन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

३४ भारत में पहली मूक फिल्म बनाने का श्रेय किसे जाता है ? १
३५ रेडियों का मूल तत्व क्या है ? १
३६ आजादी के पूर्व के किन्हीं चार पत्रकारों के नाम लिखिए। १

**अथवा**

३६ पत्रकारिता की प्रमुख बैसाखियाँ कौन सी है ?
३७ भारत में टेलीविजन की शुरुआत किस उद्देश्य से हुई थी ? १

**अथवा**

३७ मुद्रित माध्यम की कोई एक कमजोरी बताइए।
३८ खोजी पत्रकारिता से क्या अभिप्राय है ? १

**३९. निम्नलिखित किसी एक विषय पर फीचर तैयार कीजिए। ( लगभग १०० शब्दों में )** ५

आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का प्रभाव

**अथवा**

महानगरों में फुटपाथ पर सोते लोग

**४०. निम्नलिखित किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। ( लगभग १०० शब्दों में )** ५

खेलों की ओर बढता रूझान

**अथवा**

सडक सुरक्षा और दुर्घटनाएँ

**४१ विविधा उच्च्च माध्यमिक विद्यालय, द्वारा मनाये गये ' गांधी जयंती, समारोह ' पर ( लगभग १०० शब्दों में) प्रतिवेदन ( रिपोर्ट ) तैयार कीजिए।** ५

४२ मयंक/ मंझिता गरेवाल , मयूर विहार , आगरा से मुख्य अभियंता , विद्युत विभाग , नई दिल्ली को बिजली बिल की बढोत्तरी के संबंध मे शिकायत करते हुए पत्र लिखता/ लिखती है। ५

'अथवा

४२ अमन /अमिता सिंग, १० लाजपत कुंज ,नई दिल्ली से नीचे दिए गए ' नवभारत टाइम्स ' के विज्ञापन ( ADVERTISEMENT ) के आधार पर आवेदन पत्र तैयार करता / करती है।

आवश्यकता है

भूगोल शिक्षक

शैक्षणिक योग्यता : बी. ए उत्तीर्ण
बी . एड उत्तीर्ण
संगणक का ज्ञान अनिवार्य
हिंदी , अंग्रेजी भाषा का ज्ञान अनिवार्य

अनुभव : कम से कम एक साल

पूरी जानकारी के साथ आवेदन करें।

संपर्क:

मुख्याध्यापक,
सेण्ट मेरी स्कूल ,
आगरा।